# SCHOLARS ACADEMY

SSC | IBPS | NDA | RAILWAY | COMMERCE

*"Your commitment paired with our coaching is a path of your success"*

*Join Us Now*

*And Start Your Success Journey*

01141676717

info@scholarsssacademy.in

www.scholarssscacademy.in



Rajnish Bhatnagar


# Railway NTPC Pre

**प्रश्नों को हल करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

## उम्मीदवारों को निर्देश

(1) इस पुस्तिका में **100 प्रश्न** हैं।

**CBT I (Mathematics, Mental Ability, General Science & General Awareness)** **(100 प्रश्न)**

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं तथा सबके बराबर अंक हैं।

(3) प्रश्नों को हल करना प्रारम्भ करने से पहले आपको इस पुस्तिका की जांच करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसमें सभी पृष्ठ उपस्थित हैं और कोई पृष्ठ कम या बदला हुआ नहीं है। अगर आपको इस पुस्तिका में कोई दोष मिलता है, तो आपको तुरंत इसे बदलना होगा।

(4) **प्रत्येक प्रश्न में नकारात्मक अंकन होता है क्योंकि प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काट दिया जाएगा।**

(5) आपको निरीक्षक द्वारा उत्तर पुस्तिका अलग से दी जाएगी। आपको प्रश्नों को हल करना प्रारम्भ करने से पहले अपना नाम, रोल नंबर, टेस्ट नाम /आईडी और/परीक्षा का नाम उत्तर-पुस्तिका पर सावधानीपूर्वक पूरा करना होगा। आपको उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर अपना हस्ताक्षर भी करना होगा। इन निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए, जिसको न करने पर आपकी उत्तर-पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और आपको **'शून्य' अंक** दिया जाएगा।

(6) उत्तर केवल **ब्लैक/ब्लू बॉल पेन** द्वारा उत्तर- पुस्तिका प्रासंगिक प्रश्न संख्या के सम्बंधित गोले को पूरी तरह से ब्लैक करके दिखाया जाना चाहिए।

(7) **OMR** उत्तर पुस्तिका को एक मशीन द्वारा जांचा जायेगा। यदि किसी स्थिति में उपलब्ध जानकारी, आवेदन पत्र में दी गयी जानकारी से अलग पायी गयी, तो आवेदक का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

(8) निरीक्षक की अनुमति मिलने के बाद ही कोई परीक्षा कक्ष छोड़ सकता है।

(9) उपरोक्त में से किसी भी निर्देश का अनुपालन करने में विफल उम्मीदवार को उपयुक्त कार्यवाही/जुर्माना के लिए उत्तरदायी समझा जा सकता है।

(10) जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी और सावधानी से प्रश्नों का उत्तर दें। कुछ सवाल कठिन हो सकते हैं और दूसरे आसान हो सकते हैं। किसी भी प्रश्न पर ज्यादा समय नहीं बिताएं।

(11) मोबाइल फोन और वायरलेस संचार उपकरण, परीक्षा कक्ष कमरे में पूरी तरह से प्रतिबंधित/हैं। कोई भी आवेदक अपने मोबाइल का या किसी वायरलेस संचार उपकरण को बंद करके भी अपने पास नहीं रख सकता। नियम का उल्लंघन करने पर आवेदक के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी और उसका आवेदन भी निरस्त किया जा सकता है।

(12) उत्तर-पत्र पर कोई रफ काम नहीं किया जाना चाहिए।

(13) कोई भी उम्मीदवार परीक्षा पूरा होने से पहले परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ सकता है।

**परीक्षार्थी का नाम:**..........................................................

**दिनाँक:**...................... **परीक्षा कोड** ..................................

**अनुक्रमांक:**..................................................................

| | | |
|---|---|---|
| **अधिकतम अंक** | : | **100** |
| **कुल प्रश्न** | : | **100** |
| **निर्धारित समय** | : | **90 मिनट** |

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तकन खोलें।**

**RNP-87249855-H**


Scholars Academy

Download Our APP Scholars Academy

GET IT ON Google Play

## CBT I (Mathematics, Mental Ability, General Science & General Awareness)

**Q.1** भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में पंचायतन शब्द किसे निर्दिष्ट करता है?
**(A)** ग्राम के ज्येष्ठजनों की सभा
**(B)** धार्मिक सम्प्रदाय
**(C)** मंदिर रचना शैली
**(D)** प्रशासनिक अधिकारी

**Q.2** जल्लीकट्टू किस राज्य का प्रसिद्ध लोक नाट्य है?
**(A)** आंध्र प्रदेश **(B)** बिहार
**(C)** राजस्थान **(D)** तमिलनाडु

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन सा साम्राज्य बुद्ध के जीवन से जुड़ा हुआ था?
**(1)** अवंती **(2)** गांधार
**(3)** कौशल **(4)** मगध
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1** **(B)** केवल **2**
**(C)** **1** और **2** दोनों **(D)** न तो **1,** न ही **2**

**Q.4** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः
**1.** महासंघिका स्कूल वैशाली में स्थित है। इस विद्यालय की शिक्षाएं बुद्ध और बोधिसत्व की प्रकृति से संबंधित थीं।
**2.** तक्षशिला अंग महाजनपद की राजधानी थी।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1** **(B)** केवल **2**
**(C)** **1** और **2** दोनों **(D)** न तो **1,** न ही **2**

**Q.5** मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई थी?
**(A)** 1905 **(B)** 1906
**(C)** 1907 **(D)** 1908

**Q.6** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
**1.** पेंच राष्ट्रीय उद्यान: मध्य प्रदेश
**2.** बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान: महाराष्ट्र
**3.** कान्हा राष्ट्रीय उद्यान: गुजरात
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1** **(B)** केवल **1** और **2**
**(C)** केवल **1** और **3** **(D)** **1, 2** और **3**

**Q.7** सरहिन्द परियोजना किस नदी पर स्थित है?
**(A)** कृष्णा नदी **(B)** गंगा नदी
**(C)** सतलुज नदी **(D)** घाघरा नदी

**Q.8** भारत में लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को किस रूप में वर्गीकृत किया गया हैं?
**(A)** रेगिस्तान **(B)** राज्य
**(C)** केंद्र शासित प्रदेश **(D)** उपर्युक्त सभी

**Q.9** वह कौन सी पर्यावरण संबंधी घटना है जो कि तिब्बती पठार के पिघलने का कारण है एवं जो कि भविष्य में सिंधु नदी के लिए खतरनाक साबित हो सकती है?
**(A)** जलवायु परिवर्तन **(B)** सूखा
**(C)** ओजोन क्षरण **(D)** हरित गृह गैस प्रभाव

**Q.10** फ्लिपकार्ट के सह–संस्थापक सचिन बंसल किस बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल हुए हैं?
**(A)** जन लघु वित्त बैंक
**(B)** उत्कर्ष लघु वित्त बैंक
**(C)** उज्जीवन लघु वित्त बैंक
**(D)** सूर्योदय लघु वित्त बैंक

**Q.11** लाल बहादुर शास्त्री के कैबिनेट में, इंदिरा गांधी को पहली बार किस पद पर नियुक्त किया गया था?
**(A)** रेलवे **(B)** रक्षा
**(C)** सूचना और प्रसारण **(D)** वित्त

**Q.12** किसके प्रधान मंत्रित्व में नगर पालिका विधेयक पारित किया गया था?
**(A)** मोरारजी देसाई **(B)** इंदिरा गांधी
**(C)** राजीव गांधी **(D)** लाल बहादुर शास्त्री

**Q.13** औपचारिक रूप से भारत में सूचना का अधिकार कब लागू हुआ?
**(A)** 8 अक्टूबर 2005 **(B)** 12 अक्टूबर 2005
**(C)** 8 नवंबर 2005 **(D)** 12 नवंबर 2005

**Q.14** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः
**1.** संसदीय सरकार को कैबिनेट सरकार या उत्तरदायी सरकार या सरकार का वेस्टमिंस्टर स्वरूप भी कहा जाता है।
**2.**यह ब्रिटेन, जापान, कनाडा आदि में प्रचलित है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1** **(B)** केवल **2**
**(C)** **1** और **2** दोनों **(D)** न तो **1,** न ही **2**

**Q.15** भारत के संविधान का भाग-**II** निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
**(A)** संघ
**(B)** नागरिकता
**(C)** मौलिक अधिकार
**(D)** राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत

**Q.16** भारतीय बोर्ड द्वारा प्रबंधित सीमित देयता वाला पहला बैंक ________ था।
**(A)** अवध वाणिज्यिक बैंक **(B)** भारतीय स्टेट बैंक
**(C)** बैंक ऑफ इंडिया **(D)** पंजाब नेशनल बैंक

**Q.17** अवध वाणिज्यिक बैंक की स्थापना 1881 में ________ में हुई थी।
**(A)** मथुरा **(B)** इलाहाबाद
**(C)** नोएडा **(D)** फैजाबाद

**Q.18** भारतीयों द्वारा________ पूरी तरह से प्रबंधित पहला बैंक 1895 में लाहौर में स्थापित किया गया था।
**(A)** बैंक ऑफ हिंदुस्तान **(B)** पंजाब नेशनल बैंक
**(C)** अवध वाणिज्यिक बैंक **(D)** बैंक ऑफ महाराष्ट्र

**Q.19** यूएई सरकार के गोल्ड कार्ड स्थायी निवास वीजा प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति का नाम बताइए?
**(A)** युसफ अली **(B)** रवि पिल्लई
**(C)** बी. आर. शेट्टी **(D)** सनी वर्की

**Q.20** ओराइजा स्टाइवा निम्न में से किसका वनस्पतिक नाम है?
**(A)** गेहूँ **(B)** चावल
**(C)** आम **(D)** अंगूर

**Q.21** जन्तुओं की बाहरी सतह निम्न में से किन ऊतकों से मिलकर बनी होती है?
**(A)** उपकला ऊतक **(B)** संयोजी ऊतक
**(C)** एडिपोज ऊतक **(D)** पेशीय ऊतक

**Q.22** आवर्त सारणी में एक ही समूह के तत्वों की सामान्य विशेषता क्या है?
**(A)** बाहरी कक्षा में इलेक्ट्रॉन
**(B)** इलेक्ट्रॉनों की कुल संख्या
**(C)** प्रोटॉन की कुल संख्या
**(D)** परमाणु द्रव्यमान

**Q.23** मानव शरीर में कौन सी ग्रंथि को 'एडम्स एप्पल' कहा जाता है?
**(A)** थाइरॉयड ग्रंथि **(B)** पीयूष ग्रंथि
**(C)** पीनियल ग्रंथि **(D)** थाइमस ग्रंथि

**Q.24** दो निकाय को तापीय संतुलन में कहा जा सकता है यदि और केवल यदि
**(A)** उनके बीच उष्मा प्रवाह हो सकता है भले ही वे अलग-अलग तापमान पर हों।
**(B)** उनके बीच उष्मा प्रवाह नहीं हो सकता है भले ही वे अलग-अलग तापमान पर हों
**(C)** उनका तापमान थोड़ा भिन्न हो
**(D)** उनके बीच कोई उष्मा का प्रवाह नहीं होता है

**Q.25** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
**1.** पुलकेशिन द्वितीय द्वारा एहोल शिलालेख का वर्णन किया गया है।
**2.** "तमसो मा ज्योतिर्गमय" "हमें अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाती है", यह ब्राह्दारण्य उपनिषद से लिया गया है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1** **(B)** केवल **2**
**(C)** **1** और **2** दोनों **(D)** न तो **1,** न ही **2**

**Q.26** माइकल मार्टिन को दूसरी बार किस देश का प्रधानमंत्री (ताओसीच) नियुक्त किया गया है?
**(A)** आयरलैंड **(B)** आइसलैंड
**(C)** जर्मनी **(D)** नॉर्वे

**Q.27** विदेशियों के लिए मेक्सिको के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'ऑर्डेन मेक्सिकाना डेल एग्वेला एज्टेका' (ऑर्डर ऑफ एज्टेक ईगल) पाने वाली पहली भारतीय महिला बनी?
**(A)** इंदिरा गांधी **(B)** प्रतिभा पाटिल
**(C)** निर्मला सीतारमण **(D)** स्मृति ईरानी

**Q.28** जनवरी 2025 में मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब के विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स सलाहकार बोर्ड में किसे चुना गया है?
**(A)** सौरव गांगुली **(B)** जय शाह
**(C)** कुमार संगकारा **(D)** ग्रीम स्मिथ

**Q.29** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा लॉन्च की गई उन्नत युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली का नाम क्या है?
**(A)** आर्य **(B)** सुरक्षा
**(C)** संजय **(D)** प्रहरी

**Q.30** हाल ही में विश्व बैंक और तमिलनाडु द्वारा स्वास्थ्य प्रणाली सुधार कार्यक्रम के लिए कितने ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं?
**(A)** $ 287 मिलियन **(B)** $ 300 मिलियन
**(C)** $ 428 मिलियन **(D)** $ 526 मिलियन

**Q.31** 2025 स्थापना दिवस समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्राप्तकर्ताओं को दिया जाने वाला मौद्रिक पुरस्कार क्या है?
**(A)** ₹10 लाख **(B)** ₹12 लाख
**(C)** ₹15 लाख **(D)** ₹11 लाख

**Q.32** भारत के पहले मानव चालित सबमर्सिबल के तहत गहरे महासागर मिशन का लक्ष्य किस गहराई तक पहुँचना है?
**(A)** 500 मीटर **(B)** 1,000 मीटर
**(C)** 6,000 मीटर **(D)** 2,000 मीटर

**Q.33** "अनुभव पुरस्कार 2025" के लिए लेख प्रस्तुतियों को बढ़ाने के लिए कार्यशाला किस विभाग द्वारा आयोजित की गई है?
**(A)** पेंशन और पेंशनर्स' कल्याण विभाग
**(B)** वित्त मंत्रालय
**(C)** रक्षा मंत्रालय
**(D)** कर्मचारी कल्याण विभाग

**Q.34** शिक्षक दिवस किस शिक्षा शास्त्री के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है?
**(A)** विवेकानंद **(B)** डॉ. राधाकृष्णन
**(C)** गिज्जु भाई **(D)** उपर्युक्त तीनों

SCHOLARS ACADEMY

**Q.35** किस संगठन ने भारत में मिसाइलों के लिए स्क्रैमजेट इंजन का सफलतापूर्वक ग्राउंड परीक्षण किया?
**(A)** ISRO **(B)** BARC
**(C)** DRDO **(D)** HAL

**Q.36** फिक्की फ्रेम्स का पहला ब्रांड एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया है?
**(A)** ऋतिक रोशन **(B)** शाहरुख खान
**(C)** रणबीर कपूर **(D)** आयुष्मान खुराना

**Q.37** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 का विषय क्या है?
**(A)** "वोट फॉर प्रोग्रेस"
**(B)** "नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर"
**(C)** "एवरी वोट काउंट्स"
**(D)** "एम्पावर योर वोट"

**Q.38** उत्तल लेंस की फोकल दूरी है-
**(A)** सभी रंगों के लिए समान
**(B)** नीले रंग के लिए अधिकतम
**(C)** लाल रंग की तुलना में नीली रोशनी के लिए छोटा
**(D)** नीले रंग की तुलना में लाल रोशनी के लिए छोटा

**Q.39** जनवरी 2025 में 9वीं क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक कहाँ आयोजित की गई थी?
**(A)** भारत **(B)** ऑस्ट्रेलिया
**(C)** जापान **(D)** यूएसए

**Q.40** जनवरी 2025 में, मध्य प्रदेश में शराब बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध में भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद का संदर्भ लिया गया है?
**(A)** अनुच्छेद 39 **(B)** अनुच्छेद 41
**(C)** अनुच्छेद 45 **(D)** अनुच्छेद 47

**Q.41** कोई मूलधन साधारण ब्याज पर 6 वर्ष में रू. 750 हो जाता है तथा 8 वर्ष में रू. 900 हो जाता है तो वार्षिक ब्याज की दर क्या है?
**(A)** 30% **(B)** 20%
**(C)** 15% **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.42** एक वस्तु रु. 93 में बेचने पर 25% की हानि होती है जब वस्तु को रुपये 163.68 में बेचा जाता है तो कुल लाभ अथवा हानि प्रतिशत क्या है?
**(A)** 28% **(B)** 35%
**(C)** 32% **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.43** मोहन ने **11** रुपये प्रति किग्रा वाली **38** किग्रा तथा 15 रुपये प्रति किग्रा वाली **42** किग्रा चीनी खरीदी। उसने दोनों प्रकार की चीनी को मिलाया तो उसे **25** % लाभ कमाने के लिए मिश्रण को (प्रति किग्रा रु. में) किस मूल्य पर बेचना चाहिए ?
**(A)** रू.16.375 **(B)** रू.15.775
**(C)** रू.16.875 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.44** रोहित की वर्तमान आयु उसकी बेटी की वर्तमान आयु की चार गुनी तथा अपने पिता की आयु की तीन-चौथाई है। यदि तीनों की वर्तमान आयु का योग 139.5 वर्ष है तो रोहित और उसके पिता की वर्तमान आयु के बीच क्या अंतर है?
**(A)** 28 वर्ष **(B)** 20 वर्ष
**(C)** 24 वर्ष **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.45** सचिन ने एक परीक्षा में अधिकतम अंकों का 42% अंक प्राप्त करता है और 80 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है जबकि रोहन उसी परीक्षा में अधिकतम अंकों का 64% अंक प्राप्त करता है और उत्तीर्ण अंकों से 30 अंक अधिक प्राप्त करता है तो परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत क्या है?
**(A)** 60% **(B)** 58%
**(C)** 55% **(D)** 56%

**Q.46** 56.88 रुपये की धनराशि को 72 बच्चों में बांटा गया। प्रत्येक लड़के को 91 पैसे तथा प्रत्येक लड़की को 64 पैसे मिलते हैं तो लड़कियों की संख्या है:
**(A)** 32 **(B)** 40
**(C)** 36 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.47** एक आयताकार प्लाट की लंबाई इसकी चौड़ाई की तीन गुनी है। यदि आयताकार प्लाट का क्षेत्रफल 22707 वर्ग मीटर है, तो आयताकार प्लाट की लंबाई क्या है?
**(A)** 281 मी. **(B)** 246 मी.
**(C)** 261 मी. **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.48** 305 मी. लम्बी एक ट्रेन 84 किमी. / घंटा की चाल से, विपरीत दिशा से इस ट्रेन से दो गुनी चाल से आ रही एक दूसरी ट्रेन को 9 सेकंड में में पार करती है तो दूसरी ट्रेन की लंबाई ज्ञात कीजिये?
**(A)** 315 मी. **(B)** 305 मी.
**(C)** 330 मी. **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.49** P किसी कार्य को 20 दिन में पूर्ण कर सकता है Q उसी कार्य को 24 दिन तथा R उसी कार्य को 30 दिन में पूर्ण कर सकता है वे तीनों एक–साथ कार्य को प्रारम्भ करते है परन्तु P 3 दिन बाद कार्य को छोड़ देता है तथा Q कार्य पूर्ण होने के 3 दिन पहले कार्य को छोड़ देता है तो कार्य कुल कितने दिनों में पूर्ण हुआ?
**(A)** 13 दिन **(B)** 17 दिन
**(C)** 11 दिन **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.50** A और B ने 3: 5 के अनुपात में एक वर्ष के लिए धनराशि का निवेश किया। अगर अगले वर्ष A ने 10% अधिक धनराशि का निवेश किया और B ने अपने निवेश का 12% वापस ले लिया यदि A को रु. 4368 का लाभ होता है तो कुल लाभ ज्ञात कीजिये?
**(A)** 12264 **(B)** 10192
**(C)** 11576 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**दिशा निर्देश Q.(51-54)** निम्नलिखित बार ग्राफ को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

बार ग्राफ छह अलग-अलग वर्षों में तीन अलग-अलग कंपनियों द्वारा निर्मित टेलीविजन की संख्या(हजारों में) को दर्शाता है।




**Q.51** कंपनी R द्वारा सभी दिए वर्षों में निर्मित टेलीविजन की लगभग औसत संख्या क्या है?
**(A)** 76667 **(B)** 74333
**(C)** 78667 **(D)** 72667

**Q.52** कंपनी P द्वारा 2013, 2015 और 2017 में निर्मित टेलीविज़न की कुल संख्या, कंपनी Q द्वारा 2014, 2016 और 2018 में निर्मित टेलीविज़न की कुल संख्या का लगभग कितने प्रतिशत है?
**(A)** 108% **(B)** 110%
**(C)** 112% **(D)** 116%

**Q.53** कंपनी Q द्वारा सभी दिए वर्षों में निर्मित टेलिविज़न की कुल संख्या तथा कंपनी P द्वारा सभी दिए वर्षों में निर्मित टेलीविज़न की कुल संख्या के बीच क्या अंतर है?
**(A)** 15000 **(B)** 10000
**(C)** 25000 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.54** वर्ष 2018 और 2015 में कंपनी R द्वारा निर्मित कुल टेलीविजनों की संख्या तथा वर्ष 2018 और 2013 में कंपनी P द्वारा निर्मित कुल टेलीविजनों की संख्या के बीच क्या अनुपात है?
**(A)** 13:11 **(B)** 37:31
**(C)** 41:33 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.55** जब $2^{256}$ को 17 से विभाजित किया जाता है तो शेषफल क्या होगा?
**(A)** 3 **(B)** 2
**(C)** 4 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.56** 1000 से छोटी संख्या में 10 और 13 दोनों के कितने गुणक हैं।
**(A)** 7 **(B)** 9
**(C)** 13 **(D)** 10

**Q.57** दो संख्याओं का अनुपात 3:4 है तथा उनका म.स. 6 है तो उनका ल.स. ज्ञात कीजिए?
**(A)** 60 **(B)** 72
**(C)** इनमें से कोई नहीं **(D)** 24

**Q.58** x का मान ज्ञात कीजिए?
$5\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)\left(1-\frac{1}{5}\right)\left(1-\frac{1}{6}\right)\left(1-\frac{1}{7}\right)\left(1-\frac{1}{8}\right) = x$
**(A)** 1.75 **(B)** 1.20
**(C)** 1.25 **(D)** 1.42

**Q.59** यदि $y = \sqrt{812+\sqrt{812+\sqrt{812+\sqrt{812+--\infty}}}}$ तो y का मान ज्ञात कीजिए।
**(A)** 27 **(B)** 33
**(C)** 39 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.60** यदि a+b+c=o, तो, $(a^2+b^2+c^2)^2 \div (a^2b^2+b^2c^2+c^2a^2)$ का मान ज्ञात कीजिए?
**(A)** .25 **(B)** 1
**(C)** 2 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.61** यदि $l^2+m^2+n^2= lm+mn+nl$ तो $\frac{l+n}{m}$ का मान ज्ञात कीजिए।
**(A)** 2 **(B)** 1
**(C)** 4 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.62** एक त्रिभुज PQR में PQ = 11 सेमी. PR=10 सेमी. और $\angle Q+\angle R=120^\circ$ तो त्रिभुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।
**(A)** 21 सेमी. **(B)** $(21+\sqrt{111})$ सेमी.
**(C)** इनमें से कोई नहीं **(D)** $(21+\sqrt{97})$ सेमी.

**Q.63** $\cos 2\beta \sqrt{\frac{1-\tan\beta}{1+\tan\beta}}$ का मान है:–
**(A)** $\sqrt{Cos2\beta-\frac{Sin4\beta}{2}}$ **(B)** $\sqrt{Cos2\beta-\frac{Sin4\beta}{4}}$
**(C)** $\sqrt{Cos4\beta-\frac{Sin4\beta}{4}}$ **(D)** $\sqrt{Cos2\beta-\frac{Sin2\beta}{2}}$

**Q.64** एक रेखा बिन्दु (5,7) से गुजरती है तथा x- अक्ष के साथ $135^\circ$ का कोण बनाती है तो रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए?
**(A)** x+y-2=0 **(B)** x+y-16=0
**(C)** x+y-6=0 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.65** 17 भुजाओं वाले एक नियमित बहुभुज की अन्तः तथा बाहय कोण के बीच क्रमशः क्या अनुपात है।
**(A)** 17:2 **(B)** 8:1
**(C)** 15:2 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.66** यदि वृत्त के केन्द्र से 24 मी. दूरी पर स्थित जीवा की लम्बाई 14 सेमी. है तो वृत्त का व्यास ज्ञात कीजिए?
**(A)** 25 सेमी. **(B)** 60 सेमी.
**(C)** 0.5 मीटर **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.67** यदि एक समचर्तुभुज का क्षेत्रफल 24 वर्ग सेमी. है और इसके एक विकर्ण की लम्बाई 8 सेमी. है तो दूसरे विकर्ण की लम्बाई ज्ञात कीजिए?
**(A)** 8 सेमी. **(B)** 4 सेमी.
**(C)** 7 सेमी. **(D)** इनमें से कोई नहीं

SCHOLARS ACADEMY

**Q.68** यदि एक आयत का परिमाप 94 सेमी. तथा चौड़ाई 16 सेमी. है तो आयत का क्षेत्रफल (वर्ग सेमी. में) क्या है?
**(A)** 524 सेमी.$^2$ **(B)** 496 सेमी.$^2$
**(C)** 476 सेमी.$^2$ **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.69** यदि tanθ + Secθ = 2 तो $\frac{Sin\theta+Cos\theta}{21}$ का मान ज्ञात कीजिए?
**(A)** $\frac{1}{15}$ **(B)** $\frac{1}{7}$
**(C)** $\frac{1}{5}$ **(D)** इनमें से कोई नहीं

**Q.70** m का मान ज्ञात कीजिए?
4+4.44+0.44+0.004+0.04-m=0.4
**(A)** 8.924 **(B)** 8.524
**(C)** 9.164 **(D)** इनमें से कोई नहीं

**दिशा निर्देश Q.(71-73)** दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़े और प्रश्नों के उत्तर दें।

"rza rla rka rga" का अर्थ है "Raj wants to go", "rza rfa rsa rna" का अर्थ है "Shalini wants the Shivam", "rna rla rda rsa" का अर्थ है "Shalini Raj looks Shivam और "rwa rsa rza rda" का अर्थ है "look Shivam wants delhi".

**Q.71** दी गई कोड भाषा में "wants" का क्या कोड है?
**(A)** rla **(B)** rza
**(C)** rfa **(D)** या तो **(A)** या **(C)**

**Q.72** कोड "rga" के लिए शब्द बताएं?
**(A)** to **(B)** go
**(C)** Raj **(D)** या तो **(A)** या **(C)**

**Q.73** "Shalini Delhi" का कोड क्या है?
**(A)** rda rsa **(B)** rza rda
**(C)** rna rwa **(D)** इनमें से कोई नही

**दिशा निर्देश Q.(74-77)** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये। आठ डिब्बों को एक स्तम्भ के रूप में एक के ऊपर एक करके रखा जाता है और उनमें अलग अलग सामान रखा हुआ है। डिब्बा जिसमें गुड़िया रखी है और डिब्बा जिसमें अंगूर रखे है के बीच 4 से अधिक डिब्बे रखे हुए हैं। गुड़िया का डिब्बा, अंगूर के डिब्बे के नीचे नहीं रखा हुआ है। रूमाल का डिब्बा और किताब के डिब्बे के बीच तीन डिब्बे रखे हुए हैं। किताब का डिब्बा, अंगूर के डिब्बे के ठीक ऊपर रखा हुआ है। अंडे का डिब्बा, रूमाल के डिब्बे के निकट रखा हुआ है। सेब का डिब्बा, सिक्के के डिब्बे के ऊपर रखा हुआ है लेकिन फूल के डिब्बे के नीचे रखा हुआ है। गुड़िया के डिब्बे और फूल के डिब्बे बीच रखे डिब्बों की संख्या, अंगूर के डिब्बे और फूल के डिब्बे के बीच रखे डिब्बों की संख्या से एक कम है।

**Q.74** रूमाल के डिब्बे के ठीक नीचे कौन सा डिब्बा रखा है?
**(A)** सेब **(B)** किताब
**(C)** फूल **(D)** अंडा

**Q.75** कौन सा डिब्बा सबसे नीचे रखा हुआ है?
**(A)** किताब **(B)** अंगूर
**(C)** गुड़िया **(D)** इनमें से कोई नही

**Q.76** सेब के डिब्बे के तुरन्त ऊपर और नीचे कौन से डिब्बे रखे हैं?
**(A)** फूल, सिक्का **(B)** सिक्का, किताब
**(C)** अंगूर, रूमाल **(D)** फूल, अंगूर

**Q.77** सही विकल्प चुनें?
**(A)** अंडे का डिब्बा ऊपर से तीसरा है।
**(B)** किताब अंगूर के तुरन्त ऊपर रखी गई है।
**(C)** अंगूर का डिब्बा नीचे से दूसरे स्थान पर रखा हुआ है।
**(D)** कोई सही नही है।

**दिशा निर्देश Q.(78-80)** नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए है। हालाँकि उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों सें भिन्नता हो सकती है। सभी निष्कर्ष पढ़े फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के अधार पर युक्तिसंग हैं।
**(A)** केवल निष्कर्ष **I** सही है।
**(B)** केवल निष्कर्ष **II** सही है।
**(C)** दोनो निष्कर्ष सही है।
**(D)** दोनो निष्कर्ष गलत है।

**कथन:** सभी Q, R हैं। कुछ R, T हैं।
कुछ P, Q है। कोई R, S नही है।
कुछ T, U नही है। कोई P, J नही है।

**Q.78** **निष्कर्ष: I.** कुछ Q, T नही है।
**II.** कुछ T, S नही है।

**Q.79** **निष्कर्ष: I.** सभी P के R होने की संभावना है।
**II.** 20% Q, J नही है

**Q.80** **निष्कर्ष: I.** कुछ R, U नही है।
**II.** सभी U के Q होने की संभावना है।

**Q.81** दी गई आकृति में कितने वर्ग है?



**(A)** 8 **(B)** 9
**(C)** 10 **(D)** 11

**Q.82** निम्न प्रश्न में दिए गए वैकल्पिक शब्दों में से उस शब्द को चुनें जिसका निर्माण करके नहीं किया जा सकता है?
**UNCONTAMINATED**
**(A)** CONTAIN **(B)** NATION
**(C)** MENTION **(D)** CONTROL

**दिशा निर्देश Q.(83-84)** सही चित्र का चयन करे जो दिये गये शब्दों का सही संबंध दर्शाता है ?




**Q.83** याक, जैब्रा, हिरन

**Q.84** बहुभुज, समचर्तुभुज, चतुर्भज

**दिशा निर्देश Q.(85-86)** निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए, विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द / अक्षर / संख्या को चुनिए।

**Q.85** कार्बन : हीरा :: कोरन्ड्रम : ?
**(A)** रूबी **(B)** मोती
**(C)** पुखराज **(D)** गारनेट

**Q.86** 34 : 952 :: 42 : ?
**(A)** 987 **(B)** 1176
**(C)** 1246 **(D)** 1378

**दिशा निर्देश Q.(87-89)** निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए, विषम शब्द / अक्षर / संख्या को चुनिए।

**Q.87** **(A)** AKFG **(B)** CDEM
**(C)** LURT **(D)** QRVL

**Q.88** **(A)** 247 **(B)** 323
**(C)** 437 **(D)** 523

**Q.89** **(A)** गाजर **(B)** चुकन्दर
**(C)** शलजम **(D)** नींबू

**Q.90** अंग्रेजी शब्दकोष के क्रमानुसार निम्मलिखित शब्दो को व्यवस्थित करें
**(1)** Necrology **(2)** Necromancy
**(3)** Necropolis **(4)** Necrophilia
**(A)** 2134 **(B)** 2341
**(C)** 1234 **(D)** 1243

**दिशा निर्देश Q.(91-93)** इन प्रश्नों में, कथनों में अलग–अलग तथ्यों के मध्य संबंध दर्शाया गया है। प्रत्येक कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिये गये है।
**(A)** यदि निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
**(B)** यदि निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
**(C)** यदि निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
**(D)** यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

**Q.91** **कथन:** H>G>V<Y=I>S>O
**निष्कर्ष: (I)** I>O **(II)** V<H

**Q.92** **कथन:** U<S>G<D<I=L>Y
**निष्कर्ष: (I)** S>D **(II)** Y<I

**Q.93** **कथन:** P<G=L<T<Q>X
**निष्कर्ष: (I)** T>P **(II)** G=T

**दिशा निर्देश Q.(94-95)** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न दो कथन I और I दिया गया हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिए गए डेटा उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं
**(A)** यदि कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में डेटा अकेले नहीं हैं प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
**(B)** यदि कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए अकेले पर्याप्त नहीं हैं
**(C)** यदि कथन I और II दोनों में डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है।
**(D)** यदि दोनों कथनों I और II में दिए गए कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

**Q.94** उस कोड भाषा में 'is' का कोड क्या है?
**कथन: (I)** कोड भाषा में, 'shi to ke' का अर्थ है 'we are blue'
**(II)** समान कोड भाषा में, 'ke si re ' का अर्थ है' 'This is wonderful'

**Q.95** V, P से किस प्रकार संबंधित है?
**कथन: (I)** M की बहन V, R की पत्नी है। P, R का अच्छा दोस्त है।
**(II)** P, R के भाई की पत्नी है और V, R की पत्नी है।

**दिशा निर्देश Q.(96-98)** निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें?

"P" Q "का अर्थ है" P, Q की पत्नी है "।
"P - Q" का अर्थ है "P, Q का पति है"।
"P @ Q" का अर्थ है "P, Q की बहन है"।
"P% Q" का अर्थ है "P, Q की माँ है"।
"P * Q" का अर्थ है "P, Q का पिता है"।
"P + Q" का अर्थ है "P, Q का पुत्र है"।
"P © Q" का अर्थ है "P, Q की बेटी है"।
"P $ Q" का अर्थ है "P, Q का भाई है"।
**(A)** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
**(B)** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
**(C)** दोनों निष्कर्षों का अनुसरण करते हैं
**(D)** कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

**Q.96** **कथन :** U - M % T $ H * G © F, N * F © K, T * B © L
**निष्कर्ष: (I)** N, H का ग्रैंड फादर है।
**(II)** L, U की पुत्रवधू है।

**Q.97** **कथन :** U - M % T $ H * G © F, N * F © K, T * B © L
**निष्कर्ष : (I)** N, B का ग्रैंड फादर है।
**(II)** F, B की पोती है।

SCHOLARS ACADEMY

**Q.98** **कथन :** U - M % T $ H * G © F, N * F © K, T * B © L
**निष्कर्ष : (I)** H, L का ब्रदर–इन–लॉ है।
**(II)** H, N का पिता है।

**दिशा निर्देश Q.(99-100)** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययनकर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

**C 5 K A S 4 @ 5 $ E © L ^ R * I % O 9 D 2 Z 1 V 6 ^ U 8 Q T N 7 F**

**Q.99** निम्नलिखित में से कौन दाएं के तेरह के बाएं से सातवाँ होगा?
**(A)** R **(B)** D
**(C)** 4 **(D)** 8

**Q.100** दी गई व्यवस्था में ऐसे कितने प्रतीक है जिनके ठीक पहले व्यंजन तथा ठीक बाद स्वर है?
**(A)** कोई नही **(B)** एक
**(C)** तीन **(D)** दो

**Space for rough work**

SCHOLARS ACADEMY

Name:

Mobile: Ph No:

Subject: Date of Exam:

| ROLL NO. | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | 6 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | 8 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | 9 |
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| MOBILE NUMBER | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 |
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

**Important Instructions**

Correct Method: A B ● D

Wrong Method: A ⊠ ⊘ D

- Marks should be dark and completely fill the circle.
- Rough work must not be done on the answer sheet.
- Make the marks only in the space provided.
- Please do not make any stray marks on the answer sheet.

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | B | C | D | 21 | A | B | C | D | 41 | A | B | C | D | 61 | A | B | C | D | 81 | A | B | C | D |
| 2 | A | B | C | D | 22 | A | B | C | D | 42 | A | B | C | D | 62 | A | B | C | D | 82 | A | B | C | D |
| 3 | A | B | C | D | 23 | A | B | C | D | 43 | A | B | C | D | 63 | A | B | C | D | 83 | A | B | C | D |
| 4 | A | B | C | D | 24 | A | B | C | D | 44 | A | B | C | D | 64 | A | B | C | D | 84 | A | B | C | D |
| 5 | A | B | C | D | 25 | A | B | C | D | 45 | A | B | C | D | 65 | A | B | C | D | 85 | A | B | C | D |
| 6 | A | B | C | D | 26 | A | B | C | D | 46 | A | B | C | D | 66 | A | B | C | D | 86 | A | B | C | D |
| 7 | A | B | C | D | 27 | A | B | C | D | 47 | A | B | C | D | 67 | A | B | C | D | 87 | A | B | C | D |
| 8 | A | B | C | D | 28 | A | B | C | D | 48 | A | B | C | D | 68 | A | B | C | D | 88 | A | B | C | D |
| 9 | A | B | C | D | 29 | A | B | C | D | 49 | A | B | C | D | 69 | A | B | C | D | 89 | A | B | C | D |
| 10 | A | B | C | D | 30 | A | B | C | D | 50 | A | B | C | D | 70 | A | B | C | D | 90 | A | B | C | D |
| 11 | A | B | C | D | 31 | A | B | C | D | 51 | A | B | C | D | 71 | A | B | C | D | 91 | A | B | C | D |
| 12 | A | B | C | D | 32 | A | B | C | D | 52 | A | B | C | D | 72 | A | B | C | D | 92 | A | B | C | D |
| 13 | A | B | C | D | 33 | A | B | C | D | 53 | A | B | C | D | 73 | A | B | C | D | 93 | A | B | C | D |
| 14 | A | B | C | D | 34 | A | B | C | D | 54 | A | B | C | D | 74 | A | B | C | D | 94 | A | B | C | D |
| 15 | A | B | C | D | 35 | A | B | C | D | 55 | A | B | C | D | 75 | A | B | C | D | 95 | A | B | C | D |
| 16 | A | B | C | D | 36 | A | B | C | D | 56 | A | B | C | D | 76 | A | B | C | D | 96 | A | B | C | D |
| 17 | A | B | C | D | 37 | A | B | C | D | 57 | A | B | C | D | 77 | A | B | C | D | 97 | A | B | C | D |
| 18 | A | B | C | D | 38 | A | B | C | D | 58 | A | B | C | D | 78 | A | B | C | D | 98 | A | B | C | D |
| 19 | A | B | C | D | 39 | A | B | C | D | 59 | A | B | C | D | 79 | A | B | C | D | 99 | A | B | C | D |
| 20 | A | B | C | D | 40 | A | B | C | D | 60 | A | B | C | D | 80 | A | B | C | D | 100 | A | B | C | D |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Correct | | Correct | | Correct | | Correct | | Correct | |
| Incorrect | | Incorrect | | Incorrect | | Incorrect | | Incorrect | |
| Marks | | Marks | | Marks | | Marks | | Marks | |

| Student's Signature | Maximum Marks | Marks Obtained | Marks in % | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

SCHOLARS ACADEMY